*Roll No. ..................*

# 92501

# B. Com. 3rd Semester (Pass) w. e. f. Session 2012-13 & Current Scheme Examination – November, 2014

## CORPORATE ACCOUNTING-I

**Paper : 3.01**

*Time : Three Hours ]* *[ Maximum Marks : 80*

*Before answering the questions, candidates should ensure that they have been supplied the correct and complete question paper. No complaint in this regard, will be entertained after examination.*

*प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।*

***Note :*** Attempt ***five*** questions in all, selecting ***one*** question from each Unit. Question No. **1** is ***compulsory***. All questions carry equal marks.

प्रत्येक इकाई से ***एक*** प्रश्न चुनते हुए, कुल ***पाँच*** प्रश्न करने हैं। प्रश्न सं० **1** ***अनिवार्य*** हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Write a note on the following : 2 × 8 = 16

निम्न पर टिप्पणी लिखिए :

(a) Minimum Subscription

न्यूनतम अभिदान

(b) Pro-rata allotment of shares

अंशों का आनुपातिक आबंटन

(c) Meaning of debentures issued as collateral security

सहायक प्रतिभूति के रूप में निर्गमित ऋणपत्रों का आशय

(d) Convertible Debentures

परिवर्तनशील ऋणपत्र

(e) Meaning of number of years purchased

क्रय के वर्षों का आशय

(f) What is the need for valuation of shares ?

अंशों के मूल्यांकन की क्या आवश्यकता है ?

(g) What is the meaning of profits prior to incorporation ?

समामेलन से पूर्व के लाभों का क्या आशय है ?

(h) Meaning of Dividend

लाभांश का आशय

## UNIT – I

## इकाई – I

2. Give the meaning of 'Issuing the shares at premium'. For what purposes the amount of securities premium can be utilized ? 16

'अधिमूल्य पर अंश जारी करना' का अर्थ बताइए। प्रतिभूति प्रीमियम की राशि का प्रयोग किन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जा सकता है ?

**3.** The balance sheet of 'X' Ltd. disclosed the following information : 16

| | | Rs. |
|---|---|---|
| (i) | 5,000, 12% redeemable preference shares of Rs. 100 each | 5,00,000 |
| (ii) | Premium payable on redemption | 10% |
| (iii) | Balance in General Reserve | 1,90,000 |
| (iv) | Balance in securities premium account | 20,000 |
| (v) | Proposed dividend on preference shares (already sanctioned) | 60,000 |
| (vi) | Minimum fresh issue of equity shares of Rs. 100 each to be made at a discount of 5% | |

Pass journal entries to give effect to the above transactions.

'X' लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्न सूचनाएँ प्रदर्शित करता है :

| | | रु० |
|---|---|---|
| (i) | 5,000, 100 रु० वाले 12% शोधनीय पूर्वाधिकार अंश | 5,00,000 |
| (ii) | शोधन पर देय प्रीमियम | 10% |
| (iii) | सामान्य संचय में शेष | 1,90,000 |
| (iv) | प्रतिभूति प्रीमियम खाते में शेष | 20,000 |
| (v) | पूर्वाधिकार अंशों पर प्रस्तावित लाभांश (पहले से स्वीकृत) | 60,000 |
| (vi) | न्यूनतम संख्या में 100 रु० वाले समता अंशों का 5% छूट पर निर्गमन करना है। | |

उपरोक्त व्यवहारों को कार्यान्वित करने के लिए जर्नल की प्रविष्टियाँ कीजिए।

## UNIT – II

## इकाई – II

4. What is a debenture ? What are the types of debentures ? Distinguish between equity shares and debentures. 16

ऋणपत्र क्या होता है ? ऋणपत्र कितने प्रकार के होते हैं ? समता अंशों व ऋणपत्रों में अन्तर बताइए।

5. The debenture redemption fund of a limited company stood at Rs. 10,050 represented by Rs. 12,000 (Nominal) investments. The debentures stood at Rs. 30,000 and the company sold Rs. 8,000 (Nominal) investments at Rs. 98 for the purpose of redeeming Rs. 8,000 debentures at Rs. 102. 16

Show ledger accounts ignoring interest.

एक सीमित कम्पनी का ऋणपत्र शोधन कोष 10,050 रु० पर दिखाया गया था जो 12,000 रु० अंकित मूल्य के विनियोगों में विनियोजित था। ऋणपत्र 30,000 रु० के दिखाए गए थे और कम्पनी ने 8,000 रु० के ऋणपत्रों को 102 रु० पर शोधन करने के उद्देश्य से 8,000 रु० के अंकित मूल्य के विनियोगों को 98 रु० पर बेच दिया।

ब्याज का ध्यान न रखते हुए, खाताबही के खाते दिखाइए।

## UNIT – III

## इकाई – III

6. Explain the factors which affect the valuation of goodwill. Discuss the methods which are used for goodwill valuation. 16

ख्याति को कौन-कौन-से तत्त्व प्रभावित करते हैं ? उनका वर्णन कीजिए। ख्याति के मूल्यांकन के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली विधियों का वर्णन कीजिए।

**7.** Following is the balance sheet of 'X' Ltd. as on 31st March, 2013 : 16

'X' Ltd. का 31 मार्च, 2013 को स्थिति विवरण निम्न प्रकार है :

| | *Rs.* | | *Rs.* |
|---|---|---|---|
| Share Capital : | | Goodwill | 2,00,000 |
| 10,000 Equity Shares of Rs. 100 each | 10,00,000 | Land and Building | 12,00,000 |
| Reserves | 2,50,000 | Plant and Machinery | 5,00,000 |
| 10% Debentures | 10,00,000 | Stock | 3,50,000 |
| Other Liabilities | 2,50,000 | Debtors | 1,50,000 |
| | | Cash at Bank | 80,000 |
| | | Miscellaneous Exps. | 20,000 |
| | 25,00,000 | | 25,00,000 |

Market value of Land and Building is Rs. 14,00,000 and Plant and Machinery Rs. 3,20,000. Goodwill is valued at Rs. 3,00,000. All other assets are valued at their book values. Average earnings of the company are Rs. 6,50,000 p.a. after interest on debentures but before tax which may be taken at 50%. Normal rate of return in similar companies is 10%. Ascertain the value of Equity shares.

भूमि तथा भवन का बाजार मूल्य 14,00,000 रु० और प्लांट और मशीनरी का मूल्य 3,20,000 रु० है। ख्याति का मूल्यांकन 3,00,000 रु० है। अन्य सभी सम्पत्तियों का मूल्यांकन पुस्तक मूल्य पर किया गया है। कम्पनी की औसत आय ऋणपत्रों पर ब्याज देने के पश्चात् परन्तु आयकर से पूर्व जो 50% माना जाए 6,50,000 रु० वार्षिक है। ऐसी ही अन्य कम्पनियों में आय की सामान्य दर 10% है। समता अंशों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

## UNIT – IV

## इकाई – IV

**8.** Prepare in a summarised from the balance sheet of a company as per Companies Act, 1956 taking imaginary figures. **16**

कम्पनी अधिनियम 1956 के अनुसार एक कम्पनी के चिट्ठे का संक्षिप्त प्रारूप काल्पनिक राशियाँ लेकर बनाइए।

**9.** 'N' Ltd. was incorporated on 1st January, 2013 to acquire the business of Mr. 'C' as from 1st October, 2012 and obtained its certificate of commencement of business on 1st February, 2013. Following was the statement of profit & loss account for the period of 12 months ending on 30th September, 2013 : **16**

मिस्टर 'सी' का 1 अक्टूबर, 2012 से व्यवसाय क्रय करने के लिए 'एन' लिमिटेड का समामेलन 1 जनवरी, 2013 को हुआ। कम्पनी को व्यवसाय प्रारम्भ का प्रमाणपत्र 1 फरवरी, 2013 को प्राप्त हुआ। 12 माह की अवधि (30 सितम्बर, 2013 को समाप्त) के लिए लाभ-हानि विवरण निम्न प्रकार था :

| | Rs. | | Rs. |
|---|---|---|---|
| To Management Expenses | 16,000 | By Gross Profit | 1,20,000 |
| To Rent & Taxes | 12,000 | | |
| To Advertisement | 6,000 | | |
| To Bad Debts | 2,000 | | |
| To Director Fees | 5,000 | | |
| To Preliminary Exps. written off | 2,500 | | |
| To Depreciation | 5,600 | | |
| To Selling Expenses | 18,000 | | |
| To Discount on Sales | 4,800 | | |
| To Interest to Vendor (paid on 31st March) | 3,200 | | |
| To Donation | 5,100 | | |
| To Net Profit | 39,800 | | |
| | 1,20,000 | | 1,20,000 |

***Information :***

(i) It is ascertained that sales for December to March are twice the average sales for the full year, the sales for September are one and half times the average sales and the sales for February only half the average.

(ii) Out of the bad debts written off Rs. 800 are related to debts prior to incorporation.

(iii) Rent was paid @ Rs. 600 per month upto 31st March, 2013 and thereafter it was increased upto Rs. 900 per month.

(iv) Advertisement expenses are paid Rs. 500 per month under a contract.

(v) Donation is given to a political party by the company.

Calculate the profits prior to incorporation and after incorporation.

*सूचनाएँ :*

(i) यह निश्चय किया गया कि दिसम्बर से मार्च की बिक्री समस्त वर्ष की बिक्री की औसत बिक्री की दुगनी है। सितम्बर माह की बिक्री औसत बिक्री की डेढ़ गुनी है और फरवरी माह की बिक्री औसत बिक्री से आधी है।

(ii) डूबत ऋणों में से 800 रु० समामेलन से पूर्व की अवधि के हैं।

(iii) 31 मार्च, 2013 तक किराया 600 रु० प्रतिमाह था। इसके बाद बढ़ाकर 900 रु० प्रतिमाह कर दिया गया।

(iv) एक अनुबन्ध के अन्तर्गत विज्ञापन व्यय 500 रु० प्रतिमाह हैं।

(v) चन्दे का भुगतान कम्पनी के द्वारा एक राजनैतिक पार्टी को दिया गया है।

समामेलन से पूर्व तथा बाद के लाभों की गणना कीजिए।

---